निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता - एचएमआईएस (स्टेटिस्टिक्स)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचबीआरसी), नई दिल्ली ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से ऊपर उल्लिखित पद के लिए पूर्णत: संविदा आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाया है।

भूमिकाएं एवं जिम्मेदारियां:

- मंत्रालय / अन्य हितधारकों की आवश्यकता अनुसार विभिन्न संकेतक / रिपोर्टों के टेम्पलेट्स / डैश बोड्र्स/ स्कोर-काड्र्स का विकास करना।
- अनुरूपता के लिए डेटा की जांच करना एवं एचएमआईएस डेटा में त्रुटियों के सुधार के लिए राज्यों के साथ अवलोकन करना एवं विभिन्न हितधारकों के लिए सांख्यिकीय संकुल (एस ए एस) का उपयोग कर डेटा विश्लेषण के आधार पर रिपोर्ट संकलन करना।
- मौजूदा एचएमआईएस एप्लीकेशन के आशुरचना के लिए अंतरालो की पहचान करना एवं समाधान सुझाना।
- एचएमआईएस के विभिन्न पहलुओं जैसे डेटा रिपोर्टिंग प्रारूपों (फोर्मट्स), रिपोर्टों एवं डेटा के उपयोग पर राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
- "भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सक्षम एचएमआईएस पोर्टल" से संबंधित मुद्दों का प्रबंधन एवं जीआईएस एप्लीकेशन को ओर मजबूत बनाने के लिए तकनीकी जानकारी प्रदान करना।
- आवंटित राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों के एचएमआईएस से सम्बंधित प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन प्लान (पीआईपी) के मूल्याकन की जिम्मेदारी। राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों के साथ पीआईपी के मानदण्डों तथा समापक पीआईपी की प्रस्तुती करने के लिए संपर्क बनाये रखना।
- एचएमआईएस डेटा की गुणवत्ता की समीक्षा, चुनौतियों की पहचान करने के लिए राज्यों / संघ राज्यों एवं जिलों के क्षेत्र का समय-समय पर दौरा करना एवं इन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों को संबल करना ।
- कनिष्ठ सलाहकारों को उनके पहले साल में डेटा विश्लेषण एवं पीआईपी मूल्यांकन में परामर्श प्रदान करना।
- रिपोर्टिंग प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर सौंपा जाने वाला अन्य कार्य पूर्ण करना।

पात्रता मापदंड:

- स्वास्थ्य प्रबंधन / सांख्यिकी/ लोक स्वास्थ्य / स्वास्थ्य सूचना / सूचना प्रौद्योगिकी में कम से कम स्नातकोत्तर उपाधि / उपाधिपत्र ।
- सरकारी विभाग की स्वास्थ्य सूचना प्रणाली में कम से कम 5 साल का अनुस्नातक कार्य अनुभव ।
- कंप्यूटर प्रवीणता के साथ एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट जैसे आमतौर पर इस्तेमाल किये जाने वाले संकुल का उच्च स्तरीय ज्ञान।
- उत्कृष्ट संचार एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं पारस्परिक क्षमतायें, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संचार कौशल। हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय।
- उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्हें की एस ए एस VDD एवं WRS सॉफ्टवेयर में काम करने का अनुभव हो।
- बहु अनुशासित टीम के वातावरण में काम करने की क्षमता।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु राज्यों एवं जिलों की यात्रा के लिए तत्पर एवं सौपे गये विभिन्न कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने की क्षमता।
- उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय स्वास्थ्य एमआईएस पर कम से कम दो साल के लिए कार्य किया हो ।

पारिश्रमिक सीमा: 90,000/- रुपयेसे 1,30,000/- रुपये के बीच प्रति माह।

आयुः आवेदन प्राप्त करने की तारीख तक अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **29-May-2018** तक hmis.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।